HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD

CRIMINAL APPEAL No. - 2617 of 1986

Kunwar Singh And Another

.....Appellant(s)

Versus

State of U.P.

.....Respondent(s)

Counsel for Appellant(s)	:	Dinesh Kumar Verma, G.P. Dixit
Counsel for Respondent(s)	:	A.G.A.

Court No. - 84

HON'BLE CHAWAN PRAKASH, J.

1. अपीलार्थी सं. 2 की ओर से कोई उपस्थित नहीं है एवं राज्य की ओर से विद्वान अपर शासकीय अधिवक्ता उपस्थित हैं।

2. कार्यालय आख्या दिनांकित 12.09.2025 तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इटावा की आख्या दिनांकित 03.09.2025 के अनुसार अपीलार्थी संख्या 2 अजब सिंह पुत्र श्री बद्री प्रसाद पर नोटिस की तामील व्यक्तिगत रूप से हुई है, सम्यक तामील के बावजूद अपीलार्थी अनुपस्थित हैं। अतः अपीलार्थी संख्या 2 अजब सिंह पुत्र श्री बद्री प्रसाद के विरूद्ध गैर-जमानतीय वारण्ट जारी किये जाएं, जिनकी तामील मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इटावा के माध्यम से की जाएगी।

3. यदि अपीलार्थी विद्वान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इटावा के समक्ष स्वयं उपस्थित होता है या उपस्थित किया जाता है तो उस दशा में विद्वान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इटावा अपीलार्थी को 25,000/- रुपए के व्यक्तिगत बन्धपत्र तथा समान धनराशि के दो प्रतिभू दाखिल करने पर एवं इस आशय के शपथ-पत्र के साथ रिहा करेंगे कि वह अगली नियत तिथि पर इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेगा।

4. इस अपील को दिनांक **17.02.2026** को सूचीबद्ध किया जाए।

5. यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि इस आदेश की एक प्रति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इटावा और पुलिस अधीक्षक, इटावा को निबन्धक (अनुपालन) द्वारा 48 घण्टे के भीतर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाए।

(Chawan Prakash,J.)

January 13, 2026
Rahul

Digitally signed by :-
RAHUL KUMAR
High Court of Judicature at Allahabad